**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**सं0** :– 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आरोप(कैमूर)–06 / 2025..2009.... पटना, दिनांक :– 07/05/2025

## आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, कैमूर(भभुआ) के पत्रांक 548 / बंदो0 दिनांक 16.10.2024 के द्वारा श्री राजेश कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02714) के संदर्भ में प्रतिवेदित किया गया है कि ये मुख्यालय में योगदान की तिथि से प्रतिवेदित तिथि तक अपने कर्त्तव्य से स्वेच्छापूर्वक अनुपस्थित हैं, जिसके फलस्वरूप इनके संविदा नियोजन समाप्ति की अनुशंसा की गयी है।

उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में श्री कुमार से इस कार्यालय पत्रांक 307 दिनांक 20.01.2025 द्वारा अनाधिकृत अनुपस्थिति के विरूद्ध स्पष्टीकरण की मांग 07 दिनों के अन्दर की गयी है। इनके द्वारा निर्धारित समय में अपना स्पष्टीकरण दिया गया है। स्पष्टीकरण में इनके द्वारा अंकित किया गया है कि इनका तीन वर्षीय पुत्र सेरेब्रल पालसी मस्तिष्क पक्षाघात बिमारी से ग्रसित है, जिसकी स्थिति काफी गंभीर है। चिकित्सकों द्वारा फिजियोथैरेपी के माध्यम से ईलाज कराने का परामर्श दिया गया है। इसी बीच इनकी पत्नी द्वितीय बच्चे की गर्भावस्था में हो गयी, जिसके कारण ये अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करने के फलस्वरूप अपने कर्त्तव्य से अनुपस्थित हो गये। साथ ही अंकित किया गया है कि असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गया के स्तर पर मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है, जिसमें इनके पुत्र की बिमारी की पुष्टि की गयी है। साक्ष्य के रूप में चिकित्सक का प्रमाण पत्र संलग्न किया गया है।

बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा प्रेषित अनुशंसा तथा श्री कुमार से प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत पाया गया कि श्री कुमार वास्तव में अपने पारिवारिक दायित्वों में व्यस्त रहने के कारण अपने कर्त्तव्य से अनुपस्थित हुए हैं। अतः इनके मामले पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए **कार्य नहीं तो वेतन नहीं** के सिद्धांत पर इन्हें स्पष्टीकरण से मुक्त करते हुए योगदान करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

ह0/- 7/5/25
**(कमलेश कुमार सिंह)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आरोप(कैमूर)–06 / 2025..2009.... **पटना, दिनांक** 07/05/2025

**प्रतिलिपि** :– श्री राजेश कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02714) बंदोबस्त कार्यालय, कैमूर(भभुआ) को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

ह0/- 7/5/25
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आरोप(कैमूर)–06 / 2025..2009.... **पटना, दिनांक** 07/05/2025

**प्रतिलिपि** :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, कैमूर(भभुआ) को उनके पत्रांक 548 / बंदो0 दिनांक 16.10.2024 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 7/5/25
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

CamScanner

**ज्ञापांक** :– 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आरोप(कैमूर)–06 / 2025 2009 .... **पटना, दिनांक** :– 07/05/2025

**प्रतिलिपि** :– संबंधित प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को निदेशालय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

7/5/25

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

CamScanner